**परिशिष्ट-I**

## आवेदन कैसे करें

उम्मीदवारों को **29 अप्रैल 2026 से 20 मई 2026 (सायं 06:00 बजे तक)** तक बैंक की वेबसाइट अर्थात् www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जो उम्मीदवार ग्रेड 'बी' (सामान्य) सीधी भर्ती और ग्रेड 'बी' (आनीअवि) सीधी भर्ती अथवा ग्रेड 'बी' (सांसूप्रवि) सीधी भर्ती (जैसा भी मामला हो), दोनों पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं उन्हें दोनों पदों की अलग-अलग लिंक का उपयोग करके आवेदन करना होगा और दोनों के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा।

### (क) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पूर्वापेक्षा

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयारी करनी चाहिए -

(i) निम्नलिखित को स्कैन करें
- फोटोग्राफ (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)
- हस्ताक्षर (काले रंग की स्याही से)
- बाएं हाथ के अंगूठे का निशान (सफेद कागज पर काले या नीले रंग की स्याही में)
- एक हस्तलिखित घोषणा (सफेद कागज पर काली स्याही में) (पाठ नीचे दिया गया है) **जैसा कि नीचे (घ) में फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को स्कैन करने के लिए दिशानिर्देशों में विस्तृत है।**

(ii) अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों (कैपीटल लेटर) में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं होगें।

(iii) बाएं हाथ के अंगूठे का निशान उचित रूप से स्कैन किया गया हो और यह फैला हुआ न हो। **(यदि किसी उम्मीदवार का बायां अंगूठा न हो तो वे आवेदन करने के लिए दाएं अंगूठे का प्रयोग करें)**

(iv) हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ निम्नानुसार है-
*"I, _______ (Name of the candidate), hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required."*

(v) उक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की खुद की लिखावट में तथा केवल अंग्रेज़ी में होनी चाहिए। यदि यह किसी और द्वारा लिखी तथा किसी अन्य द्वारा अपलोड की जाएगी अथवा किसी अन्य भाषा में होगी तो आवेदन को अवैध समझा जाएगा। **(दृष्टिबाधित उम्मीदवार जो स्वयं नहीं लिख सकते वे घोषणा टाईप करवा लें तथा टाईप की गई घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं तथा विनिर्दिष्ट किए अनुसार दस्तावेज़ अपलोड करें।)**

(vi) उम्मीदवार अपने दस्तावेज़/आवश्यक ब्योरे तैयार रखें जिससे कि वह आवेदन प्रपत्र को सही तरीके से भर सकें तथा शुल्क/सूचना प्रभार का ऑनलाइन भुगतान कर सकें। आवेदन में उम्मीदवार अपना नाम अथवा अपने पिता/माता/पति आदि के नाम की सही वर्तनी लिखें जैसे कि फोटो पहचान प्रमाण/प्रमाणपत्र/अंक पत्रकों में दी गई है।

(vii) उम्मीदवार के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जिसे बैंक मे नियुक्ति तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। ई-मेल आईडी के माध्यम से बैंक द्वारा प्रेषित पत्र/साक्षात्कार बुलावा पत्र आदि प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार के लिए यह आवश्यक है। बोर्ड ईमेल/एसएमएस के अलावा किसी अन्य तरीके से कोई सूचना नहीं भेजता है। पूरी भर्ती प्रक्रिया में ई-मेल आईडी में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## (ख) ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया

(i) दिनांक 01 अप्रैल 2026 को पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि पहले वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in>आरबीआई में अवसर>मौजूदा रिक्तियां>रिक्तियां में यूआरएल "ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) में अधिकारियों की भर्ती - पैनल वर्ष 2026" पर जाएं तथा ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विज्ञापन पृष्ठ पर दिए हाइपरलिंक "Online Application form" पर क्लिक करें। यह उम्मीदवार को ऑनलाइन पंजीकरण के पृष्ठ पर ले जाएगा।

(ii) उम्मीदवारों को अपने आधारभूत ब्योरे भरने होंगे तथा दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।

(iii) आवेदन के पंजीकरण के लिए "Click here for New Registration" टैब का चयन करें और नाम, संपर्क ब्योरे तथा ई-मेल आईडी भरें। सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जेनरेट होगा तथा स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। उम्मीदवार अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को लिखकर सुरक्षित रखें। अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा।

(iv) यदि उम्मीदवार एक ही बार में आवेदन प्रपत्र पूरा न भर पाए तो वे "SAVE AND NEXT" टैब का चयन करके पहले से भरे हुए डेटा को सेव (SAVE) कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरे हुए ब्योरों की जांच तथा यदि आवश्यक हो तो इन्हें संशोधित करने के लिए "SAVE AND NEXT" सुविधा का उपयोग करें। दृष्टिबाधित उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें तथा ब्योरों की जांच करें/करवाएं ताकि प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित किया जा सके कि ब्योरे सही हैं।

(v) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ब्योरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑनलाइन आवेदन में भरे हुए ब्योरों की जांच स्वयं करें क्योंकि "FINAL SUBMIT BUTTON" पर क्लिक करने के बाद कोई परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा/किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) **आवेदन में उम्मीदवार अथवा उनके पिता/पति आदि के नाम की सही वर्तनी लिखें जैसा की फोटो पहचान प्रमाण/प्रमाणपत्र/अंक पत्रक में दी गई है। इसमें परिवर्तन/फेरबदल पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जा सकता है**।

(vii) 'Validate your details' और 'Save & Next' बटन पर क्लिक करके अपने ब्योरों की पुष्टि करें तथा आवेदन को सेव करें।

(viii) फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा हस्ताक्षर की स्कैनिंग और अपलोड करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उम्मीदवार दस्तावेज़ों की स्कैनिंग तथा अपलोड करने के लिए आगे बढ़ें।

(ix) इसके बाद उम्मीदवार आवेदन के अन्य ब्योरे भर सकते हैं।

(x) FINAL SUBMIT से पहले प्रीव्यू टैब पर क्लिक करें तथा संपूर्ण आवेदन की जांच करें।

(xi) यदि आवश्यक हो तो ब्योरे संशोधित करें और जांच करके यह सुनिश्चित करने के बाद ही कि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा आपके द्वारा भरे गए अन्य ब्योरे सही हैं FINAL SUBMIT पर क्लिक करें।

(xii) 'Payment' टैब पर क्लिक करें तथा भुगतान करें।

(xiii) 'Submit' बटन पर क्लिक करें।

(xiv) ऑनलाइन आवेदन को सही तरीके से भरने के लिए केवल उम्मीदवार उत्तरदायी होंगे। बोर्ड द्वारा उम्मीदवार द्वारा की गई गलतियों के कारण अवैध आवेदनों के मामले में जमा हुए आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार की वापसी के लिए किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xv) अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान तथा ऑनलाइन पंजीकरण शीघ्र करें।

(xvi) अंतिम दिन उक्त कारणों अथवा बैंक के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से उम्मीदवार के आवेदन जमा करने में असमर्थ होने के लिए बोर्ड की ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

## (ग) आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार के भुगतान का तरीका

उम्मीदवारों को अपेक्षित शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान केवल ऑनलाइन तरीके से ही करना होगा:

(i) आवेदन फॉर्म भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है तथा अनुदेशों का पालन करके भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।
(ii) भुगतान डेबिट कार्ड (रूपे/वीजा/मास्टरकार्ड/माइस्त्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/मोबाईल वॉलट, यूपीआई द्वारा किया जा सकता है।
(iii) ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपनी भुगतान जानकारी प्रस्तुत करने के बाद कृपया सर्वर से सूचना प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा करें, दो बार भुगतान किए जाने से बचने के लिए Back या Refresh बटन न दबाएं।
(iv) लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा होने पर ई-रसीद तैयार होगी।
(v) 'ई-रसीद' तैयार न होना असफल भुगतान को दर्शाता है। भुगतान असफल होने पर उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का प्रयोग करके पुन: लॉग इन करें तथा भुगतान प्रक्रिया दोहराएं।
(vi) उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे ई-रसीद तथा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल लें। कृपया नोट करें कि यदि यह जनरेट नहीं होते हैं तो माना जाएगा कि ऑनलाइन लेनदेन पूरा नहीं हुआ है।
(vii) क्रेडिट कार्ड प्रयोक्ताओं के लिए: सभी प्रभार भारतीय रुपये में दिए गए हैं। यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहे हैं तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर इसे आपकी स्थानीय मुद्रा में बदल देगा।
(viii) आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृपया आपका लेनदेन पूरा होने पर ब्राउजर विंडो को बंद करें।
(ix) शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क भुगतान के ब्यौरे सहित आवेदन प्रपत्र को प्रिंट करने की सुविधा दिनांक **05 जून 2026** तक उपलब्ध होगी।

## (घ) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन तथा अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास, नीचे दिए गए विशेष विवरण के अनुसार, उसके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया डिजिटल इमेज हो।

**फोटोग्राफ इमेज :** (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए।
- यह सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन हो तथा हलके रंग की अपेक्षाकृत सफेद रंग की पृष्ठभूमि में हो।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो इस प्रकार फोटो खींचे कि सूर्य आपके पीछे की ओर हो अथवा खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि कोई परावर्तन न हो तथा चश्मे के लेन्स से आपकी आंखें साफ दिखाई दें।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फ़ोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक

वस्त्रों की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।

- आयाम 200×230 पिक्सेल (अपेक्षित)
- फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50 केबी से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का आकार 50 केबी से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें।

**फोटोग्राफ कैप्चर:**

उपरोक्त फोटो के अतिरिक्त, उम्मीदवारों को वेबकैम या मोबाइल फोन का उपयोग करके अपनी लाइव तस्वीर भी खींचकर अपलोड करनी होगी।
• "फोटो कैप्चर करें" विकल्प का चयन करने पर, उम्मीदवारों का वेबकैम सक्रिय हो जाएगा जिससे वे अपनी तस्वीर क्लिक कर सकेंगे, जो आवेदन पत्र में स्वतः अपलोड हो जाएगी।
• "स्कैन करने के लिए यहाँ क्लिक करें" विकल्प चुनने पर, उम्मीदवार अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं, जो एक वेबसाइट पर रीडायरेक्ट करेगा, जिससे वे अपने मोबाइल फोन पर फोटो खींच सकेंगे। खींची गई तस्वीर का चयन करने पर, फोटो आवेदन पत्र में स्वतः अपलोड हो जाएगी।

फोटो खींचने के लिए क्या करें और क्या न करें

*क्या करें:*

- सुनिश्चित करें कि फोटो हल्के रंग की, बेहतर होगा कि सफेद पृष्ठभूमि पर ली गई हो तथा पर्याप्त प्रकाश हो।
- वेबकैम/कैमरे की ओर सीधे देखें।
- फोटो पासपोर्ट आकार का होना चाहिए।

*क्या न करें:*

- छोटे आकार का फोटोग्राफ न खींचा जाए/अपलोड न किया जाए।
- रंगीन चश्मा या धूप का चश्मा/टोपी नहीं पहननी चाहिए।
- चेहरे पर छाया/कैमरे का सामना न करना/विकृत चेहरा/मुखौटे से ढका चेहरा/धुंधली छवि।
- फ़ोटो अंधेरे/अनुचित पृष्ठभूमि में नहीं लेनी है

**हस्ताक्षर, बाएं हाथ का अंगूठा (एलटी) तथा हस्तलिखित घोषणा की इमेज**

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।
- आवेदक सफेद कागज पर काली अथवा नीली स्याही से बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं।
- आवेदक घोषणा सफेद कागज पर काली स्याही से अंग्रेज़ी में स्पष्ट रूप से लिखें।
- हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा आवेदक की स्वयं की हो। कोई अन्य व्यक्ति ये न करे।
- हस्ताक्षर का प्रयोग कॉल-लेटर तथा जहां कहीं भी आवश्यक होगा किया जाएगा।
- **यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक अथवा कॉल-लेटर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से नहीं मिलता तो आवेदक को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।**
- आयाम 140 × 60 पिक्सेल (अपेक्षित)

- हस्ताक्षर के लिए फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच रहे तथा बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच रहे।
- हस्तलिखित घोषणा के लिए फाइल का आकार 50 केबी - 100 केबी के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई ईमेज का आकार 20 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए (हस्ताक्षर के लिए), 50 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए (बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए) और 100 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए (हस्तलिखित घोषणा के लिए)।
- **अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों (कैपीटल लेटर) में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगीं।**

**दस्तावेज़ों की स्कैनिंग**

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (डॉट्स पर इंच) के रिजॉल्यूशन पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार उपर्युक्तानुसार रहे।
- स्कैनर में फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर /बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा की इमेज पर एकदम किनारे पर Crop करें, फिर अपलोड एडिटर में Crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें।
- इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें। उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जा कर देख सकते हैं।
- MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार MS Paint अथवा MS Office Picture Manager का प्रयोग कर दस्तावेज़ को आसानी से 50 केबी ( फोटोग्राफ के लिए), 100 केबी (हस्तलिखित घोषणा के लिए), तथा 20 केबी (हस्ताक्षर के लिए) तथा 50 केबी (बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए) से अधिक न रखते हुए .jpeg फार्मेट में तैयार कर सकते हैं। दस्तावेज़ स्कैन करके बनी हुई किसी भी फार्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फार्मेट में सेव किया जा सकता है तथा Image मेन्यु में crop तथा resize विकल्प का प्रयोग करके फाइल आकार 50 केबी (फोटोग्राफ के लिए), 100 केबी (हस्तलिखित घोषणा के लिए), 20 केबी (हस्ताक्षर के लिए) तथा 50 केबी (बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए) से कम किया जा सकता है (पिक्सेल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त प्वाइंट (i) तथा (ii) देखें)। अन्य फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं।
- यदि फाइल का आकार और प्रारूप ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message प्रदर्शित होगा।
- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय उम्मीदवार को उनकी फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए लिंक प्रदान किया जाएगा।

**दस्तावेज़ अपलोड करने का तरीका**

- फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक रहेंगे।
- संबंधित लिंक अर्थात् "Upload Photograph/Signature/Left thumb impression/Hand written declaration" पर क्लिक करें।
- Browse करें और जहां फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा की स्कैन प्रति Save करके रखी है वह Location चुने।
- फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।
- 'Open/Upload' बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

**टिप्पणी**

1) यदि फोटो में आपका चेहरा अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/फैली हुई हो तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।
2) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में फोटो/ हस्ताक्षर बाएं अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवार यह जांच लें कि इमेज स्पष्ट हैं तथा सही तरीके से अपलोड की गई हैं। यदि फोटो अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा स्पष्ट रूप से दिखाई न दे तो उम्मीदवार आवेदन को एडिट करें तथा आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने से पहले फोटो अथवा हस्ताक्षर पुन: अपलोड करें।
3) ऑनलाइन पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट निकाल लें।

### (ड़) उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार हेतु 'संपादन विंडो':

उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार हेतु 'संपादन विंडो'। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सुधार/संशोधन करने हेतु दो दिनो की संपादन विंडो प्रदान की जाएगी, जिसमें उम्मीदवारों को अपनी आवश्यकतानुसार ऑनलाइन आवेदन डेटा में आवश्यक सुधार/परिवर्तन करने के बाद आवेदन पुनः जमा करने की अनुमति होगी। संपादन विंडो की तिथियां बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएंगी।

उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार हेतु 'संपादन विंडो' से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु:

1. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में सुधार करने की अनुमति होगी, जिन्होंने आवेदन पंजीकरण की निर्दिष्ट अवधि के भीतर आवश्यक शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान के साथ अपना पूरा ऑनलाइन आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा कर दिया हो।

2. उम्मीदवार को 'आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार हेतु संपादन विंडो' के दौरान संशोधित/सुधारित आवेदन को केवल एक बार सुधारने और पुनः जमा करने की अनुमति होगी, अर्थात यदि उम्मीदवार अद्यतन आवेदन में कोई गलती करता है तो उसे अद्यतन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संशोधित आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवारों को यह जांचना होगा कि उन्होंने फॉर्म के प्रत्येक भाग में सही विवरण भरा है।

3. उम्मीदवारों द्वारा मूल आवेदन में 'नाम', 'ईमेल आईडी', 'मोबाइल नंबर', रिक्ति में 'राज्य/संघ राज्य क्षेत्र', पत्राचार पते में 'राज्य/संघ राज्य क्षेत्र' और 'स्थायी पता', 'पद' के लिए प्रस्तुत जानकारी 'श्रेणी' और 'राष्ट्रीयता' क्षेत्रों को संपादित नहीं किया जा सकता।

4. 'संपादन विंडो' के माध्यम से आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार के लिए लागू शुल्क ₹200/- (जीएसटी सहित) है। सुधार शुल्क सभी उम्मीदवारों पर समान रूप से लागू होगा, चाहे उनकी श्रेणी कुछ भी हो। एक बार भुगतान किया गया सुधार शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा में समायोजित किया जाएगा।

5. लागू सुधार शुल्क की प्राप्ति के अधीन, केवल नवीनतम संशोधित आवेदन ही मान्य माना जाएगा।

6. एक से अधिक आवेदनों के मामले में, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल नवीनतम आवेदन को ही संपादित करें।

7. लागू सुधार शुल्क की प्राप्ति के अधीन, केवल नवीनतम संशोधित आवेदन ही मान्य माना जाएगा।

8. 'उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार हेतु संपादन विंडो' की समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/संशोधन/सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**टिप्पणी:** यदि उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

*(इस विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण बैंक की अंग्रेजी वेबसाइट पर उपलब्ध है।)*